NZCC, PATIALA

संस्कृति

MINISTRY OF CULTURE • GOVERNMENT OF INDIA • सत्यमेव जयते • संस्कृति मंत्रालय • भारत सरकार

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-2016

उत्तर क्षेत्र सास्कृतिक केन्द्र, पटियाला

North Zone Cultural Centre, Patiala

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-2016

NZCC, PATIALA

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला
North Zone Cultural Centre, Patiala

अनुक्रमणिका

क्र.स.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	परिचय	5
2	उद्देश्य	7
3	सांगठिक प्रारूप	8
4	कॉरपस निधि	10
5	वर्ष 2015-16 के दौरान गतिविधियां	11
6	गुरु-शिष्य परम्परा योजना	42
7	अभिलेखन एवं प्रकाशन	43
8	कलाग्राम	44
9	वार्षिक लेखा विवरण- 2015-16	48
10	ऑडिट प्रमाण पत्र/ ऑडिट रिपोर्ट	51
English Version		
1	Index	63
2	Contents	63-128

1. उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र – एक परिचय

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र– भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार उपक्रम का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा नवम्बर 1985 में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जम्मू – कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखण्ड राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ की विभिन्न एवं अद्वितीय कलाओं को सहेजना, विकास एवं विस्तार करना और उसे अभिन्न रूप प्रदान करना है। देश की विशाल एवं विभिन्न संस्कृतियों जैसे संगीत, नाटक, साहित्य ललित कला–चित्रकलाएँ, सूक्ष्म चित्रकला, लेखन, मूर्तिकला एवं शिल्पकला के अतिरिक्त भी अन्य कलाओं आदि के संयोजन एवं पुनर्जीवित करने, स्तरीय निर्माण करने, विकसित एवं विस्तृत करने, लोकप्रिय बनाने और परस्पर समस्त भारतवर्ष में विस्तार के प्रयास हेतु इस केन्द्र की स्थापना की गई थी, ताकि कला के विभिन्न स्वरूपों को सामूहिक प्रयास द्वारा भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में एक मिश्रित पहचान दी जा सके।

- इस केन्द्र का पंजीकरण एक संस्था के रूप में पंजीकरण समिति के अधिनियम 1860 के अधीन करवाया गया। भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय ही इसका मुख्य संचालक है जिसके सहयोग एवं दिशा–निर्देशनानुसार यह केन्द्र कार्यरत् रहता है। इस केन्द्र की शासकीय सभा के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल, पंजाब हैं।

2. उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की जा रही गतिविधियाँ :–

- अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने वृहत् संख्या में अनेक गतिविधियों का संचालन किया है जैसे कि मेले व त्योहारों, पेंटिंग–शिविरों, रंगमंच कार्यशालाओं, लोक–नृत्यों की कार्यशालाएं, लोक गीत–संगीत, लोक वाद्यों, लोक नृत्य/संगीत, चित्रकला एवं रंगमंच में बच्चों विशेषत: मलिन क्षेत्रों के बच्चों की कार्यशालाओं आदि का आयोजन। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों, सैनिक छावनी क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, सीमांत क्षेत्रों, क्षेत्र के सदस्य राज्यों के उपमंडल/ज़िला/ राज्य मुख्यालयों पर उच्चस्तरीय प्रस्तुतियों पर बल दिया जाता है। इस केन्द्र ने प्रलेखन के रूप में विभिन्न कलाओं का निरूपण भी किया है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने न केवल राष्ट्रस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों के अन्तर्गत विदेशों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- कुछ विख्यात मेलों व तीज–त्योहारों जिनमें उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने लगातार अपनी प्रतिभागिता करते हुए लोक नृत्य, लोक गीत एवं संगीत का प्रदर्शन किया है जैसे हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 'हमीर उत्सव' चम्बा में मिंजर मेला, उत्तराखण्ड के जोगेश्वर धाम में 'श्रावणी मेला', पंजाब के बब्बेहाली में 'छिंज मेला', पंजाब के फरीदकोट में 'बाबा शेख़ फरीद आगमन पर्व', हिमाचल प्रदेश के रिकोंग पियो में 'किन्नौर महोत्सव', हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ और मंडी में 'शिवरात्रि महोत्सव', हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 'कुरुक्षेत्र उत्सव–गीता जयन्ती समारोह', राजस्थान के जोधपुर मे 'लोकानुरंजन मेला', पंजाब के लुधियाना में 'किसान मेला', कलाग्राम–मनीमाजरा (चंडीगढ़) में 'रागणी व सांग उत्सव'।

- भारत सरकार के संस्कृति विभाग ने 'गुरु–शिष्य परम्परा योजना' का आरम्भ क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों के माध्यम से किया ताकि लुप्तप्रायः एवं दुर्लभ शास्त्रीय व लोक/जनजाति कलाओं को संरक्षित व विकसित किया जा सके और युवा वर्ग कला के वांछित क्षेत्र को क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की छात्रवृत्ति से सम्बन्धित क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं निपुण व्यक्तित्वों से शिक्षा ग्रहण कर सकें और युवा प्रतिभा का पोषण हो सके।

3. अभिलेखन एवं प्रकाशन

- उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने अभिलेखन के क्षेत्र में उत्तम कार्य किया है। पारम्परिक कलाओं तथा लोक रंगमंच, लोक संगीत एवं वाद्ययंत्रों की लुप्तता के दृष्टिगत मानव विज्ञानियों, संगीतकारों एवं अन्य व्यवसायिक विशेषज्ञों की सहायता से अभिलेखन करवा कर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने श्रवण–दृष्टि अभिलेखन करवाया। केन्द्र के पास 265 चल–चित्रों का संकलन है जिनमें विशिष्ट मेलों, समारोहों, शिल्प मेलों, लोक कलाओं, लोक वाद्यों, विशिष्ट विभूतियों, संग्रहालयों, मंदिरों, कला प्रदर्शनियों के अतिरिक्त ग्रामीण जीवन पद्धतियों के स्वरूप आदि का विशेष संकलन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त केन्द्र द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं पर भी क्षेत्रीय भाषाओं में विद्वानों से लेखन कार्य भी करवाया गया है।

- वर्षों से उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र विविध कार्यक्रम/गतिविधियों को आयोजित करता रहा है जिसमें लोक कला व संस्कृति की सभी विधाओं जैसे–मेले व उत्सव, रंगमंच उत्सव व कार्यशालाएँ, चित्रविद्या शिविरों व प्रदर्शनियाँ, लोक नृत्य/संगीत/वाद्य/गायन पर कार्यशालाएँ आदि शामिल हैं। कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों, सैनिक छावनी क्षेत्रों, शैक्षिणिक संस्थाओं, सीमावर्ती ज़िलों, सुदूर क्षेत्रों और केन्द्र से सम्बद्ध राज्यों के उपमंडल/ज़िला/राज्य मुख्यालयों पर आयोजित किए गए हैं।

2 उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के उद्देश्य

(क) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में सम्मिलित राज्यों जम्मू व कश्मीर, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान एवं केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ की कलाओं– संगीत, नाटक, ललित कला (चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, छायाकारी, मृत्तिका पात्र निर्माण एवं ललित कला से सम्बन्धित अन्य कलाएँ) को संरक्षण, विकास व प्रोत्साहन प्रदान करना केन्द्र का मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र के लोगों की चेतना की वृद्धि एवं विकास प्रदान करना तथा अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सजग करना इस केन्द्र का मुख्य ध्येय है।

(ख) उन कार्यक्रमों व क्रियाओं को विशेष प्रोत्साहन देना जिन से विभिन्न क्षेत्रों की मिश्रित सांस्कृतिक विरासत को अधिक शक्ति मिले।

(ग) लोक व जनजाति कलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयास करना एवं लुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करना।

(घ) ऐसे कार्यक्रम तैयार करना जिससे केन्द्र का युवा देश के अन्य भागों के युवाओं के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत से सम्बन्धित विचार गोष्ठियों, परस्पर आदान–प्रदान संस्कृति एवं कार्यशालाओं के माध्यम से एक दूसरे से सांस्कृतिक संवाद स्थापित कर जुड़ाव अनुभव कर सके।

(च) ऐसे कार्यक्र मों का आयोजन करना जिनसे अंतर्राज्यीय सांस्कृतिक सम्बन्धों को सुदृढ़ता एवं प्रोत्साहन मिले। जिसके लिए केन्द्र के उपकेन्द्र स्थापित करना भी शामिल है।

(छ) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का व्यवस्थापन, नियन्त्रण, एवं प्रबन्धन तथा चल–अचल सम्पदा का रख–रखाव।

(ज) अपनी सांस्कृतिक धरोहर से सम्बन्धित शोध–कार्यों व शैक्षिक कार्यों हेतु छात्रवृत्तियाँ व शिक्षावृत्तियाँ अनुदानित करना।

3. सांगठनिक प्रारूप

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्राधिकारी इस प्रकार हैं:

(क) शासकीय सभा

(ख) कार्यकारिणी सभा

शासकीय सभा की संरचना:

शासकीय सभा में निम्न सदस्य होंगे:–

1 पंजाब के राज्यपाल–अध्यक्ष

2 केन्द्रीय मन्त्री, राज्य मन्त्री या उप मन्त्री, संस्कृति विभाग, भारत सरकार।

3 संभागी राज्यों के सांस्कृतिक विभाग के मन्त्री या राज्य मन्त्री।

4 भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से कम न हो।

5 संभागी राज्यों के संस्कृति सचिव।

6 भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय के वित्तीय सलाहकार।

7 केन्द्रीय अकादमियों (संगीत–नाटक, साहित्य एवं ललित कला अकादमी) के सभापति।

8 मैमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन की धारा 3 (ए) में परिभाषित केन्द्र के संभागी राज्यों के कला परिषदों के सभापति या जहाँ ऐसी परिषद गठित नहीं है उस राज्य के द्वारा मनोनीत कला से सम्बन्धित व्यक्तित्व।

9 क्षेत्र के संभागी राज्यों के तीनों निकायों (संगीत–नाटक, ललित कला एवं साहित्य) के सभापति।

10 क्षेत्र के संभागी प्रत्येक राज्य में से कला के क्षेत्र से प्रख्यात तीन व्यक्ति जिनका मनोनयन केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से होगा।

11 उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला का निर्देशक – सदस्य सचिव।

कार्यकारिणी सभा की संरचना:

कार्यकारिणी के निम्न सदस्य होंगे:–

1 पंजाब के राज्यपाल–अध्यक्ष

2 संभागी राज्यों के संस्कृति सचिव।

3 संभागी राज्यों की कला परिषदों के सभापति या राज्य सरकार द्वारा मनोनीत व्यक्ति ।

4 राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी और साहित्य अकादमी के सभापति।

5 भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय का एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव पद से नीचे का न हो।

6 भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय का वित्तीय सलाहकार।

7 शासकीय सभा द्वारा मनोनीत तीन सदस्य।

8 उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला का निर्देशक– सदस्य सचिव।

उप समितियां

कार्यकारिणी सभा के पास आवश्यक मामलों में सहायता और सलाह देने के लिए विभिन्न उपसमितियां नियुक्त करने का अधिकार होगा। वित्त समिति और कार्यक्रम समिति द्वारा क्रमशः वित्तीय मामलों में और विभिन्न कार्यक्रमों के दिखाने, प्रतिपादन, प्रोत्साहन और विस्तृत में सहयोग दिया जाएगा।

वित्त समिति की संरचना :

वित्त समिति के निम्न सदस्य होंगे :–

1 भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय के वित्त सलाहकार या उसका प्रतिनिधि।
2 शासकीय सभा के तीन प्रतिनिधि।
3 कार्यकारिणी सभा के तीन प्रतिनिधि।
4 संस्कृति मन्त्रालय का संयुक्त सचिव या उसका प्रतिनिधि।
5 उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला का निर्देशक – सदस्य सचिव।

वित्त समिति के अध्यक्ष का मनोनयन कार्यकारिणी सभा द्वारा अपने सदस्यों में से तीन वर्ष के लिए होगा।

कार्यकारिणी समिति की संरचना :

कार्यकारिणी समिति के निम्न सदस्य होंगे :–

1 क्षेत्र के संभागी राज्यों की कला परिषदों के सभापति या राज्य सरकार द्वारा मनोनीत व्यक्ति।
2 केन्द्रीय अकादमियों– साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी व ललित कला अकादमी द्वारा अपने–अपने क्षेत्र से मनोनीत एक–एक व्यक्ति।
3 प्रत्येक संभागी राज्य से कला के क्षेत्र से मनोनीत तीन विशिष्ट व्यक्ति। इनमें से कम से कम एक व्यक्ति लोक कला/जनजातीय कला के क्षेत्र से होगा।
4 संभागी राज्यों के संस्कृति विभाग के सचिव या उसका प्रतिनिधि।
5 भारत सरकार के मन्त्रालय का संयुक्त सचिव या उसका प्रतिनिधि।
6 उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का निर्देशक – सदस्य सचिव।

कार्यक्रम समिति का अध्यक्ष कला के क्षेत्र का प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा, जिसका मनोनयन कार्यकारिणी सभा द्वारा अपने सदस्यों में से दो वर्ष के लिए होगा।

4 कॉरपस निधि

लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत सरकार एवं सदस्य राज्यों ने अनुदान द्वारा एक कॉरपस निधि बनाई है जिसका पूर्ण विवरण निम्न है:–

क्रमांक	विवरण	गत वर्ष 31-3-2015 (रूपये)	चालू वर्ष 31-3-2016 (रूपये)
1	भारत सरकार	रू. 2000 लाख	रू. 2000 लाख
2	जम्मू एवं कश्मीर	रू. 200 लाख	रू. 200 लाख
3	हिमाचल प्रदेश	रू. 200 लाख	रू. 200 लाख
4	पंजाब	रू. 200 लाख	रू. 200 लाख
5	चंडीगढ़ (यू.टी.)	रू. 200 लाख	रू. 200 लाख
6	हरियाणा	रू. 100 लाख	रू. 100 लाख
7	उत्तराखण्ड	रू. 100 लाख	रू. 100 लाख
8	राजस्थान	रू. 66 लाख	रू. 66 लाखे
	कुल	**रू. 3066 लाख**	**रू. 3066 लाख**

वर्ष 2015–16 में कॉरपस निधि की 3066 लाख रूपये की राशि विभिन्न बैंकों व विनिवेशित है। इसमें 750 लाख रुपये को राजस्व बढ़ाने के दृष्टिगत विनेविषित किया गया है जिससे वर्ष में कॉरपस निधि व अन्य जमा राशियों पर 286 लाख रूपये ब्याज के रूप में प्राप्त हुए हैं।

5 वर्ष 2015–16 में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों, मेलों व उत्सवों का विवरण :

वर्ष 2015–16 में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने कला व संस्कृति के विविधतापूर्ण कार्यक्रम/समागमों का आयोजन किया जैसे–मेले और त्यौहार, चित्रकला व मूर्तिकला कार्यशालाएँ, रंगमंच कार्यशालाएँ लोक नृत्य की कार्यशालाएँ, क्षेत्र के सदस्य राज्यों एवं क्षेत्र से बाहर भारत के अन्य राज्यों के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से सभी तरह का जीवन यापन करने वाले लाखों लोगों द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को प्रबलता से सराहा। अधिकतर कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों, सैनिक–छावनियों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, सीमांत क्षेत्रों, संभागी राज्यों के उपमण्डल/ज़िला/राज्य मुख्यालयों पर किया गया। प्रस्तुतियों की गुणवत्ता पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया।

(क)

वर्ष 2015–16 में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा अपने स्तर पर अथवा अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की गई सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण :

ग्रामीण दर्शकों और सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान

- पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न गांवों में सामाजिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक और फिल्मों का प्रदर्शन

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण जनता तक पहुंचने के लिए विशेष कदम उठाए जिसके तहत गांवों में सामाजिक प्रासंगिकता रखने वाले विषयों पर नाटकों का मंचन/प्रदर्शन किया गया। श्री जोगिंदर सिंह द्वारा निर्देशित, कन्या भ्रूण हत्या पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'बेटी' के पांच शो हरियाणा के ज़िला करनाल के पांच गांवों– फुरकल, बीर्चपुर, बिजना, सतोंडी और समबाल्खा में 25 से 29 अप्रैल, 2015 तक आयोजित किए गए। श्री रितेश जोशी द्वारा निर्देशित और सामाजिक जागरुकता पर आधारित नुक्कड नाटक 'सुरक्षित जीवन सफल जीवन' के दस शो उत्तराखंड के ज़िला नैनीताल के गांवों– चाकालुवा, कलाधूंगी, बाजुना हल्दु, कोटाबाग, बेलपड़ाव, पावलगढ़, आंवलाकोट, दोहनिया, गजरपुर बदुवा (छोई), और खेमपुर गेवुवा में 1 से 10 मई, 2015 तक आयोजित किए गए। नशाखोरी पर आधारित एवं डॉ. हरप्रीत लवली द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक 'चिट्टा हनेरा' के दस शो पंजाब के ज़िला फिरोज़पुर के गांवों– माना सिंह वाला , प्यारे आना, घल खुर्द, शाकुर, सांडे हशम, वलूर, इंदिरा कॉलोनी खाई, सैयां वाला और बाजिपुर में 11 से 20 मई, 2015 तक दिखाए गए। श्री आर.पी.गुलाटी द्वारा निर्देशित नाटक 'दलदल' के चार शो– मैन गांव, ज़िला पटियाला; सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, गांव घनौर पटियाला; वीर हकीकत राय मॉडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पटियाला; और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (पसियाना), ज़िला पटियाला में क्रमशः 25 अप्रैल, 2015, 19, 27 और 28 मई, 2015 को प्रदर्शित किए गए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के मूल विषय पर आधारित और श्री सुमेर शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक 'आईना' के पांच शो हरियाणा के ज़िला करनाल के गांवों– सीकरी; संगोहा; महाऋषि दयानंद आर्य कन्या गुरुकुल वरिष्ठ

अंजनथली; डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, नीलोखेरी; और भड़सन में 8 से 15 अगस्त, 2015 तक दिखाए गए। पंजाब के ज़िला संगरूर के धूरी स्थित आर्ट ऐज थिएटर कंपनी के निदेशक श्री बलविंदर सिंह द्वारा निर्देशित तथा शहीद भगत सिंह की जेल में भूख हड़ताल की थीम पर आधारित नुक्कड नाटक '114 दिन (जंग– हक़ ते सच दी)' के पांच शो पंजाब के ज़िला संगरूर के गांवों– मस्तुआना साहिब, कुन्नरा, बहादुरपुर, हसनपुर और धूरी में 9 से 19 अक्तूबर, 2015 के बीच आयोजित किए गए। करनाल के उड़ाना स्थित इंडो–वर्टू के निदेशक श्री सुमेर शर्मा द्वारा निर्देशित एवं सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक 'आईना' के पांच शो हरियाणा के ज़िला करनाल के गांवों संधीर, तरावड़ी, समानाबाहु, रायपुर रोडान और बड़सालू में 15 से 19 अक्तूबर 2015 तक प्रदर्शित किए गए। पंजाब परफॉर्मर्स एसोसिएशन के श्री रमन मित्तल द्वारा निर्देशित 'बुझ लेया' के पांच शो पंजाब के ज़िला रोपड़ के गांवों खनौली, आलोवाल, कोटबाला, कोटला निहंग और भैनी में 14 से 18 मार्च तक आयोजित किए गए।

जहां–जहां भी इन नाटकों का मंचन/प्रदर्शन किया गया वहां स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्य और आस–पास के 10 से भी ज्यादा गांवों के निवासी दर्शक के रूप में मौजूद रहे।

प्रमुख कार्यक्रम/सांस्कृतिक समारोह

- ## सांस्कृति यात्राएं– 2015

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर पंजाब के सीमावर्ती इलाकों – एसटीसी बीएसएफ खड़कन, होशियारपुर; बीओपी डीबीएन टाउन, गुरदासपुर; जेसीपी अटारी, अमृतसर; बीओपी राजाताल, अमृतसर; आर्टिलरी हैडक्वार्ट्स, फरीदकोट; बीओपी हुसैनीवाला, फिरोज़पुर; और बोओपी आसिफवाला, फ़ाजिल्का में 25 अप्रैल से 1 मई 2015 तक 'सांस्कृति यात्राएं– सरहद पर संस्कृति' कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने भंगड़ा, गिद्दा, जिंदुआ, गतका (पंजाब); घूमर और फाग (हरियाणा); घाट नृत्य/पूजा नृत्य (हिमाचल प्रदेश) जैसे लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। साथ ही इस दौरान पंजाबी लोक गायकों– श्री दुर्गा रंगीला, श्री आनंदी मिश्रा, श्री साबर कोटी, श्री अमरिंदर बॉबी और श्री सारथी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने दूरवर्ती इलाकों के मूल निवासिओं को उनकी सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक और समृद्ध बनाने के मकसद से 'सांस्कृतिक यात्राएं– 2015' कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से 105 लोक गायकों/ लोक कलाकारों/ गज़ल गायकों इत्यादि ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने सिद्धी धमाल (गुजरात), कालबेलिया (राजस्थान), मयूर (उत्तर प्रदेश), बीहु (असम), फाग (हरियाणा), भंगड़ा/झूमर (पंजाब), जाबरो (लेह–लद्धाख) जैसे लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। वहीं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय–वस्तु पर एक कठपुतली शो और श्री सोनू विर्क द्वारा पंजाबी लोक गायन का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान ये कार्यक्रम जम्मू, श्रीनगर, करगिल, लेह (जम्मू–कश्मीर); केलांग, मनाली, रायसन (हिमाचल प्रदेश) में 17 जून से 1 जुलाई, 2015 तक आयोजित किए गए।

- ## 'लेह (जम्मू–कश्मीर) में सिंधु दर्शन उत्सव'

सिंधु दर्शन उत्सव का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लेह में 23 से 26 जून तक किया गया श्री किरण रिजुजू, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार ने इसका उद्घाटन किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने इस कार्यक्रम के दौरान सिद्धी धमाल (गुजरात), कालबेलिया (राजस्थान), मयूर (उत्तर प्रदेश), बीहु (असम), फाग (हरियाणा), भंगड़ा/झूमर (पंजाब), जाबरो (लेह–लद्धाख) जैसे लोक नृत्यों; बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय–वस्तु पर कठपुतली शो; उस्ताद मुजतबा हुसैन द्वारा बांसुरी वादन; श्री पंकज जेसवानी द्वारा गज़ल गायन और श्री सोनू विर्क द्वारा पंजाबी लोक गायन का आयोजन किया गया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों को सभी ने सराहा।

- **'ऑक्टेव–2015' उत्तर–पूर्वी राज्यों का उत्सव**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला ने 26 जुलाई से 6 अगस्त, 2015 तक उत्तर–पूर्वी राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम) के उत्सव 'आक्टेव–2015' का हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा की विभिन्न जगहों में आयोजन किया। ये उत्सव उत्तर–पूर्व में उल्लास से मनाने के मकसद से आयोजित किया गया और इस दौरान उत्तर–पूर्वी राज्यों के कलाकारों ने लोक नृत्य, लोक संगीत, लोक वाद्यों की प्रस्तुतियां दीं। सामान्य जनता इन गुणवत्ता से परिपूर्ण प्रस्तुतियों से अचंभित रह गई।

- **'बाबा शेख़ फरीद आगमन पर्व– 2015'– फरीदकोट (पंजाब) व संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा फरीदकोट (पंजाब) में 23 से 26 सितंबर, 2015 तक 'बाबा शेख़ फरीद आगमन पर्व– 2015' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फरीदकोट ज़िला प्रशासन के सहयोग से किया गया और इसमें देश भर से लोक नृत्यों और श्री सरदूल सिकंदर द्वारा लोक/सूफी गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। इसके बाद बठिंडा, फिरोज़पुर और मोगा की विभिन्न जगहों पर कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गईं।

- **IGNCA, नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव'**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों द्वारा राष्ट्रीय अकादमियों और अन्य संगठनों के सहयोग के ज़रिए 1 से 8 नवंबर, 2015 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (INGCA), जनपथ, नई दिल्ली में राष्ट्र–स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव– 'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव' का आयोजन किया। ये उत्सव देश के विभिन्न हिस्सों के नृत्यों, संगीत, पाक–शैली, शिल्प कला, साहित्य इत्यादि को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया। इस उत्सव के कार्यान्वयन के लिए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला को केंद्रीय एजेंसी प्राधिकृत किया गया था।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्रों ने उत्सव स्थल पर कलात्मक और प्रभावशाली रूपांकन का माहौल स्थापित किया। सभी उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्रों के शिल्पकारों और लोक चित्रकारों ने दिन–रात एक कर दीवारों और शिल्प–आंगनों को विभिन्न शैलियों के लोक रूपांकनों से चित्रित कर मेले को अधिक आकर्षक बनाया। भारत में चित्रकारी की 38 शैलियों में से 32 इस उत्सव में प्रदर्शित की गई, जैसे– मिनिएचर/लघु चित्र (राजस्थान), कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), मधुबनी (बिहार), सोरा (ओड़ीशा), वार्ली (महाराष्ट्र), सूरपुर एवं मैसूर शैली (कर्नाटक), गोंड (मध्य प्रदेश), सांझा मंडना (मध्य प्रदेश), चेरियल एवं कलमकारी (आंध्र प्रदेश), किन्नल (कर्नाटक), फ्रेस्को (केरल) और गंगौर एवं पिचवाई (राजस्थान) इत्यादि। इस उत्सव में देश भर की शिल्पकला को भी प्रदर्शित किया गया। भारत के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने के लिए प्रवेशद्वारों पर सात अलग–अलग गेट बनाए गए।

युवा पीढ़ी को देश की सम्पन्न सांस्कृतिक विरासत और इसकी विविधता से जोड़ने के साथ–साथ इस उत्सव ने एक ही छत के नीचे देश के सभी लोक, पारम्परिक, आदिवासी और शास्त्रीय कलात्मक क्रियाकलापों को देखने का अनूठा मौका प्रदान किया जहां 1600 से ज्यादा कलाकारों की 65–70 लोक नृत्य/गायक मण्डलियों ने

ना सिर्फ मुख्य स्थल पर बल्कि मेला परिसर, दिल्ली एनसीआर और राजधानी से सटे उत्तर प्रदेश और हरियाणा के इलाकों में भारी संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस उत्सव को देखने दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों से स्कूली छात्र रोज़ाना भारी संख्या में पहुंचे। ये एक नपी–तुली कार्यनीति के तहत था ताकि ये उत्सव छात्रों के बीच लोकप्रिय बनाया जा सके। इस उत्सव में हिस्सा लेने वाला कलाकार समुदाय बेहद खुश था क्योंकि उन्हें अपनी कला के प्रदर्शन के लिए कई दिनों का वक्त मिला और साथ–ही–साथ वो अपनी आजीविका भी कमा पाए।

इस मेले को ना सिर्फ प्रिंट मीडिया द्वारा सराहा गया बल्कि इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने भी इसे भरपूर समय दिया। इस मेले को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके, इसके लिए मेट्रो समेत विभिन्न प्रख्यात एवं महत्वपूर्ण जगहों पर विज्ञापन लगाए गए थे। ये उत्सव बहुत ही सफल रहा और सभी ने इसकी प्रशंसा की।

- **'कुरूक्षेत्र उत्सव– गीता जयंती समारोह– 2015'– कुरूक्षेत्र (हरियाणा)**

उत्तरक्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 17 से 21 दिसम्बर, 2015 तक कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोग से 'कुरुक्षेत्र उत्सव–गीता जयन्ती समारोह– 2015' का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र पर सांस्कृतिक संध्याएं मुख्य आकर्षण थीं। इस दौरान अन्वेषण सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, दिल्ली की सुश्री संगीता शर्मा द्वारा निर्देशित नृत्य नाटक 'अभिमन्यु'; मुंबई से अनूप जलोटा द्वारा 'भजन संध्या'; दिल्ली से पद्मश्री रंजना गौहर द्वारा 'गीत गोबिंदम'; पंजाब से सरदूल सिकंदर द्वारा 'भक्ति संगीत'; दिल्ली से सैयद सलाउद्दीन पाशा द्वारा निर्देशित नृत्य नाटक 'भगवद् गीता ऑन वील्स' और सुश्री स्वाती वांगनू तिवारी द्वारा 'शास्त्रीय कथक नृत्य' प्रस्तुत किए गए। एक विशाल शिल्प मेला भी लगाया गया जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता/राष्ट्रीय उत्कृष्टता प्रमाण–पत्र विजेता /राज्य पुरस्कार विजेता और देश के सभी सांस्कृतिक केन्द्रों के अन्य शिल्पकारों ने हस्तशिल्प/हथकरघा को प्रदर्शित किया। मेले को लाखों लोगों ने देखा। इसमें चित्रकार शिविर और रंगोली शिविर भी लगाया गया। इसके अतिरिक्त उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने हरियाणा के ज़िला कुरुक्षेत्र के पिहोवा, ज्योतिसर, करनाल, किरमिच गांवों में कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की।

- **'सातवां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला' कलाग्राम, चण्डीगढ़।**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 22 से 31 जनवरी, 2016 तक यू.टी. प्रशासन, चंडीगढ़ के सहयोग से कलाग्राम, चंडीगढ़ में 'सातवां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प कला मेला' आयोजित किया गया। इस वर्ष के शिल्प मेले की विषय–वस्तु 'उत्तर से उत्तर पूर्व' (कश्मीर से कोहिमा) थी जिसे देश के उत्तर और पूर्वोत्तर क्षेत्रों की लोक परम्पराएं, कला एवं शिल्प पर केंन्द्रित किया गया था। इसके अतिरिक्त देश के अन्य सांस्कृतिक क्षेत्रों द्वारा भी प्रस्तुतियां दी गईं। इस मेले में देशभर से 200 से अधिक हस्तशिल्पियों/हथकरघा शिल्पकारों और आदिवासी शिल्पकारों ने भाग लिया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने खाने के स्टॉल्स की नीलामी, शिल्प स्टॉल (10,000/– रुपये प्रति स्टॉल किराया) और प्रवेश टिकटों से 50 लाख रुपयों की राशि प्राप्त की।

महामहिम राज्यपाल पंजाब और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के चेयरमैन ने 22 जनवरी, 2016 को 'शिल्प मेला' का शुभारंभ किया। इस मेले में देश के सभी सांस्कृतिक उत्तर क्षेत्रों के लगभग 350 लोकनृत्य/लोकगायन कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त शिल्प मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्याएं थीं, जिसमें गुरदास मान, दलेर मेंहदी, सरदूल सिकंदर, रोशन प्रिंस, मनमोहन वारिस, लखविंदर वडाली, गुरलेज़ अख्तर, कुलविंदर कैली, सतविंदर बुग्गा, अतहर हयात निज़ामी (कव्वाल), पं. संदीप महावीर एवं साथी (कथक नृत्य

फ्यूज़न) एवं उत्तर पूर्व से आई गायक–मण्डलियां और हास्य कवियों ने प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान लोक चित्रकार शिविर और रंगोली शिविर भी लगाया गया। प्रतिदिन हज़ारों लोग मेला देखने पहुंचे और इस मेले को प्रैस में खूब सराहा गया।

- **'भारत पर्व' लाल किला, नई दिल्ली**

पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी से 31 जनवरी, 2016 तक लाल किला, नई दिल्ली में पहली बार भारत पर्व का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के लिए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला को केन्द्रीय एजेंसी नियुक्त किया गया था। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के इस पर्व के दौरान बीहू (असम), गुभकुडु (ओड़ीशा), तमांग सेलो (सिक्किम), पांथी (छत्तीसगढ़), पुरुलिया छाऊ (झारखंड), धनगिरी गजा (महाराष्ट्र), पाईका (झारखंड), होजागिरी (त्रिपुरा), ढोल/पंग चोलम एवं थांगता (मणिपुर), लम्बाड़ी (आंध्र प्रदेश), घूमर (हरियाणा), भंगड़ा (पंजाब), रूफ़ (जम्मू–कश्मीर), चप्पेली/ गसियारी (उत्तराखंड), सिद्धी धमाल (गुजरात) इत्यादि देश के सभी सांस्कृतिक क्षेत्रों के लोक/आदिवासी नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां पेश की गईं। इन प्रस्तुतियों की सभी ने प्रशंसा की।

- **'मेक इन इंडिया वीक' मुम्बई**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने 13 से 18 फरवरी, 2016 तक मुम्बई में 'मेक इन इंडिया वीक' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों ने हिस्सा लिया। उत्तरक्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने रूफ (जम्मू–कश्मीर), बाज़ीगर (पंजाब) और बीन जोगी (हरियाणा) जैसे लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां पेश की जिसे सभी ने सराहा।

[ख]

उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा निम्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। नियमित संगीत कार्यशालाएं (गायन/वादन) कलाग्राम, चंडीगढ़ और विरसा विहार केंद्र, पटियाला में आयोजित की गई। विरसा विहार, पटियाला, पंजाब में श्री रघुबीर सिंह की शास्त्रीय संगीत (गायन) की कार्यशाला लगाई गई जिसने क्षेत्र से सैकड़ों छात्रों को आकर्षित किया। बस्तियों में रह रहे आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए श्री गौतम धर की तबला कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। ये केन्द्र की विशेष पहल है जिसे लाभार्थियों द्वारा अपरिहार्य रूप से सराहा गया।

- **'राष्ट्र–स्तरीय मुशायरा' कलाग्राम, मनीमाजरा**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने कलाग्राम, मनीमाजरा में 2 मई, 2015 को 'राष्ट्र–स्तरीय मुशायरा' का आयोजन किया। इस में 12 कवियों ने हिस्सा लिया – मुम्बई से श्री शकील आज़मी, पंचकूला से श्री टी.एन. राज़, चण्डीगढ़ से डॉ. मोहम्मद रफ़ी, पंचकूला से श्री शम्स तबरेज़ी, मलेरकोटला से डॉ. असलम हबीब, लुधियाना से श्री सरदार पंछी, मलेरकोटला से श्री ज़मीर अली, पटियाला से डॉ. नशीर नक़्वी, मोहाली से सुश्री इशा नाज़, दिल्ली से श्री एस.एस. नक़्वी, कैसना, उत्तर प्रदेश से श्री कौसर ज़ैदी और हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश से डॉ. नलिनी विभा नाज़ी।

- **'समर वर्कशॉप फॉर चिल्ड्रन' विरसा विहार केंद्र, पटियाला और कलाग्राम, चंडीगढ़ एवं अन्य कार्यशालाएं**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला द्वारा जून 2015 के महीने में विरसा विहार केन्द्र, पटियाला और कलाग्राम, चंडीगढ़ में 'समर वर्कशॉप फॉर चिल्ड्रन' का आयोजन किया गया जिसमें थियेटर, पेंटिंग, लोक नृत्य भंगड़ा, गिद्धा, लुड्डी, झूमर, जिंदुआ (पंजाब), हरियाणवी, राजस्थानी, गुजराती और शास्त्रीय कथक नृत्य की कार्यशालाएं शामिल थीं। इन कार्यशालाओं में लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 1 से 15 जून, 2015 तक पटियाला में बाबा ज़ोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह धर्मार्थ अकादमी के छात्रों के लिए 'कला एवं शिल्प कार्यशाला'; अमृतसर में 14 से 19 जून, 2015 तक इंडियन अकैडमी ऑफ फाईन आर्ट्स के सहयोग से बच्चों के लिए भंगड़ा और झूमर लोक नृत्यों का 'समर आर्ट कैंप 2015'; और सेवा समिति कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, अम्बाला छावनी (हरियाणा) में 15 से 25 जून, 2015 तक हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला 'खोरिया' का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को विख्यात विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

- **मूर्तिकला शिविर– कलाग्राम, चंडीगढ़ (2015–16)**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा साल 2015–16 के दौरान कलाग्राम, चंडीगढ़ में निम्न विवरण अनुसार मूर्तिकला शिविर' आयोजित किए गए।

तिथि	मूर्तिकारों के नाम
11 से 25 अप्रैल, 2015	चंडीगढ़ से श्री नरिंदरजीत सिंह एवं डॉ. विशाल भट्नागर; और ज़ीरकपुर से श्री जगदीप सिंह 'जॉली'
21 मई से 4 जून, 2015	चंडीगढ़ से श्री चरणजीत सिंह; खन्ना से श्री जसविंदर सिंह; मोहाली से श्री परवेश कुमार
21 जून से 5 जुलाई, 2015	चंडीगढ़ से श्री रमनदीप सिंह; रोहतक(हरियाणा) से श्री अमित कुमार और दिल्ली से श्री देवदत्ता धरन
27 दिसंबर, 2015 से 5 जनवरी, 2016	जम्मू से श्री देवी दास खन्ना; दिल्ली से श्री असुरवेध; दिल्ली से श्री सुरेश कुमार; और नॉयडा से श्री प्रदीप कुमार चौहान
10 से 24 मार्च, 2016	दिल्ली से डॉ. किरपाल सिंह; असम से डॉ. स्वपन पॉल सिंह; तमिल नाडु से श्री राम कुमार; और उत्तर प्रदेश से श्री नीरज कुमार

शिविरों के दौरान तैयार की गई मूर्तियों को कला प्रेमियों ने खूब सराहा।

- **'सांस्कृतिक युवा कार्यशाला' पुलवामा (जम्मू–कश्मीर)**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 20 अप्रैल से 5 मई, 2015 तक पुलवामा, कश्मीर में सरकारी कन्या उच्च माध्यमिक संस्थान की 33 छात्राओं के लिए रूफ नृत्य की 'सांस्कृतिक युवा कार्यशाला' का आयोजन किया।

- **'चित्रकारी शिविर' शिमला, हिमाचल प्रदेश (16 से 23 जून, 2015)**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से 16 से 23 जून, 2015 तक शिमला, हिमाचल प्रदेश में 'चित्रकारी शिविर' का आयोजन किया। इस शिविर में जींद (हरियाणा) से श्री सोमदत्त शर्मा; चंडीगढ़ से श्री राम प्रताप वर्मा; अम्बाला (हरियाणा) से श्री हरजीत सिंह पूरेवाल; श्रीनगर (जम्मू–कश्मीर) से प्रो. शफी चमन; होशियारपुर (पंजाब) से श्री अश्वनी कुमार वर्मा; चंडीगढ़ से श्री महेश प्रजापति; जम्मू (जम्मू–कश्मीर) से श्री के.के. गांधी; अजमेर (राजस्थान) से डॉ. अमित राजवंशी; पटियाला (पंजाब) से श्री गोबिंदर सोहल; मोहाली (पंजाब) से श्री सतवंत सिंह सुमैल; शिमला (हिमाचल प्रदेश) से श्री हिम चटर्जी; शिमला (हिमाचल प्रदेश) से श्री प्रवीण शर्मा; और पटियाला (पंजाब) से श्री अरुण कुमार ने हिस्सा लिया।

- **फोटोग्राफी, पेंटिंग्स, मूर्तियों इत्यादि की प्रदर्शनी**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 1 से 3 जून, 2015 तक डी नोवो, कुरुक्षेत्र द्वारा 'ऐन एग्ज़ीबिशन ऑफ फोटोग्राफी, ड्राईंग्स, पेंटिंग्स, ग्राफिक्स एंड स्कल्पचर्स'; 5 से 7 जून, 2015 तक सृजन विद ब्रश, जालंधर द्वारा 'एन एग्ज़ीबिशन ऑफ पेंटिंग्स'; 13 से 17 जून, 2015 तक सुश्री हरगुन कौर द्वारा 'ऐन एग्ज़ीबिशन ऑफ फोटोग्राफ्स– हर रंग पुष्कर'; और 28 जून से 3 जुलाई, 2015 तक इंडियन आर्ट स्ट्रोक्स के सहयोग से 'एन एग्ज़ीबिशन ऑफ पेंटिंग एंड फोटोग्राफ एंड पेंटर्स वर्कशॉप' नामक प्रदर्शनियों का आयोजन किया।

- **'थिएटर फेस्टीवल', पटियाला**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 1 और 2 अक्तूबर, 2015 को विरसा विहार केंद्र, पटियाला में दो–दिवसीय 'थिएटर फेस्टिवल' का आयोजन किया गया जिसमें सुश्री नादिरा ज़हीर बब्बर द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक 'जैसे सूखे हुए फूल किताबों में मिले' और श्री गिरीश करनाड द्वारा लिखित एवं डॉ. रानी बलबीर कौर द्वारा निर्देशित नाटक 'अग्नि और बरखा' का मंचन हुआ।

- **'डांडिया उत्सव –2015', कलाग्राम, मनीमाजरा, चण्डीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला द्वारा आर.के.एस ड्रीम्स इवेंट्स एंड मोशन पिक्चर्स, दिल्ली के सहयोग से 13 से 22 अक्तूबर, 2015 तक नवरात्र के दौरान 'डांडिया उत्सव–2015' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में गुजरात के कलाकारों द्वारा गरबा/डांडिया लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए।

- **'चित्रकारी शिविर' शिमला, हिमाचल प्रदेश (12 से 16 अक्तूबर, 2015)**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा मास्टर संसार चंद बारू मेमोरियल ट्रस्ट (MSCBMT), दिल्ली के सहयोग से आर्ट गैलेरी, गेयटी थियेटर, शिमला, हिमाचल प्रदेश में 12 से 16 अक्तूबर, 2015 तक 'चित्रकारी शिविर' का आयोजन किया गया जिसमें दस चित्रकारों ने हिस्सा लिया और अपनी भावनाओं एवं विचारों को कैनवस पर उतारा।

- उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा अपने 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर 6 नवंबर, 2016 को कलाग्राम, चंडीगढ़ में, मोहाली और पंचकूला के स्कूली छात्रों के लिए रंगोली और पेंटिंग्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में 2061 बच्चों ने हिस्सा लिया।

- **'कवि सम्मेलन' कलाग्राम, चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा कलाग्राम, चंडीगढ़ में 7 नवंबर 2015, को 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सदस्य राज्यों– जम्मू–कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और चंडीगढ़ से आए 16 कवियों ने हिस्सा लिया।

- **'अखिल भारतीय सूफी मुशायरा' पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला (9 नवंबर, 2015)**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा बाबा फरीद सेंटर फॉर सूफी स्टडीज़, पटियाला के सहयोग से पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में अंतर्राष्ट्रीय सूफी सम्मेलन के दौरान 9 नवंबर, 2015 को 'अखिल भारतीय सूफी मुशायरा' आयोजित किया गया जिसमें 10 कवियों ने हिस्सा लिया।

- **'पंजाबी लोकनृत्य सम्मी कार्यशाला', कलाग्राम, मनीमाजरा, चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा 12 से 22 दिसंबर, 2015 तक कलाग्राम, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में लड़कियों के लिए 'पंजाबी लोकनृत्य सम्मी कार्यशाला' आयोजित की गई। संगरूर से विशेषज्ञ सुश्री प्रोमिला मान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में करीब 70 लड़कियों ने हिस्सा लिया।

- **'19वां नाभा कविता उत्सव –2015' नाभा**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भाई काहन सिंह रचना विचार मंच (पंजीकृत), नाभा के सहयोग से 13 दिसंबर, 2015 को नाभा में '19वां नाभा कविता उत्सव–2015' आयोजित किया गया।

- **'गीता जयन्ती समारोह–2015' कलाग्राम, चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा 21 व 22 दिसंबर, 2015 को कलाग्राम, चंडीगढ़ में 'गीता जयन्ती समरोह–2015' के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं, जिसमें 21 दिसम्बर, 2015 को प्रख्यात बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौड़वाल द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई और 22 दिसम्बर, 2015 को सूफी गायिका सुश्री जूही ढींगरा द्वारा सूफियाना गायकी प्रस्तुत की गई। इन प्रस्तुतियों को सभी द्वारा सराहा गया।

- **'शास्त्रीय संगीत पर कॉनसर्ट' कालीदास ऑडीटोरियम, विरसा विहार केंद्र, पटियाला**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 25 दिसम्बर, 2015 को कालीदास ऑडीटोरियम, विरसा विहार केंद्र, पटियाला में 'शास्त्रीय संगीत पर कॉन्सर्ट' का आयोजन किया गया जिसमें उस्ताद आशीष खान (सरोद); बनारस घराने के श्री पिंकी नामधारी (तबला); और किराना घराना की सुश्री शिवानी मीरजकर (गायन) ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

- **'होली संगीत उत्सव' कालीदास ऑडीटोरियम, विरसा विहार केंद्र, पटियाला**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 19 मार्च, 2016 को कालीदास ऑडीटोरियम, विरसा विहार केंद्र, पटियाला में 'होली संगीत उत्सव' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में झारखंड के प्रसिद्ध सरोद और सितार वादक केड़िया बंधु और कोलकाता के मशहूर शास्त्रीय गायक श्री सुप्रीयो दत्ता ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

[ग]

इनके अतिरिक्त, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा अपने स्तर पर, अन्य संगठनों और राज्य सरकारों के सहयोग से निम्न कार्यक्रम आयोजित किए गए:

- **'संगीत उत्सव –2015' पठानकोट**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा संगीत सभा पठानकोट (पंजीकृत), पठानकोट के सहयोग से 3 से 5 अप्रैल, 2015 तक 'संगीत उत्सव–2015' के दौरान श्री साबर कोटी द्वारा सूफियाना और लोक गायन; श्री अभीजीत बैनर्जी द्वारा तबला; और पं. कैवल्य कुमार द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुतियां दी गईं।

- **'88वां अखिल भारतीय मराठी समागम' घुमन, पंजाब**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 3 और 4 अप्रैल, 2015 को पंजाब के गुरदासपुर ज़िले में 'अखिल भारतीय मराठी समागम' के दौरान भंगड़ा, गिद्दा, जिंदुआ इत्यादि पंजाबी लोक नृत्य; लोक वाद्य यंत्र; और लोग संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दीं। श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, पंजाब और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों और पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री राम नईक ने उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

- **'समर फेस्टीवल' घुमारवीं, हिमाचल प्रदेश**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने ज़िला प्रशासन, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 7 से 9अप्रैल, 2015 तक घुमारवीं, ज़िला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में 'समर फेस्टीवल' के दौरान पंजाबी लोक नृत्य– भंगड़ा, गिद्दा; मार्शल आर्ट गतका; और पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुतियां पेश कीं।

- **'बैसाखी उत्सव ' चंडीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने CITCO द्वारा होटल माउंटव्यू, सैक्टर–10, चंडीगढ़ में 11 से 14 अप्रैल, 2015 तक आयोजित 'बैसाखी उत्सव' में भंगड़ा, गिद्दा, लोक नृत्य और पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुतियां दीं।

- **'वर्ल्ड हेरिटेज डे' पंचकूला, हरियाणा**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने संस्कृति विभाग, हरियाणा के सहयोग से यवनिका ओपन एयर थिएटर, पंचकूला में 18 अप्रैल, 2015 को 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भंगड़ा एवं जिंदुआ (पंजाब), घूमर एवं फाग (हरियाणा) और सिरमौरी नाटी (हिमाचल प्रदेश) लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी।

- **'सतुवातीज मेला' बहादुरगढ़, ज़िला पटियाला**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने श्री बद्रीनाथ सेवा समिति (रजि.), बहादुरगढ़ के सहयोग से 20 अप्रैल, 2015 को बहादुरगढ़, ज़िला पटियाला में आयोजित 'सतुवातीज मेला' में स्वामी रामजी की भजन संध्या का आयोजन किया।

- **'चंडीगढ़ एड्वेंचर स्पोर्ट्स कार्नीवल –2015' चंडीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने पर्यटन विभाग, चंडीगढ़ के सहयोग से 22 से 26 अप्रैल, 2015 तक चंडीगढ़ में आयोजित 'चण्डीगढ़ एड्वेंचर स्पोर्ट्स कार्नीवल' में लोक नृत्यों – भंगड़ा, गिद्दा, झूमर (पंजाब), गतका (पंजाब), कठपुतली शो (चंडीगढ़); और सुश्री शिप्रा गोयल, श्री अमरिंदर बॉबी, श्री साबर कोटी, श्री राजन गिल और श्री सारथी द्वारा पंजाबी लोक/सूफी गायन की शानदार प्रस्तुतियां आयोजित की।

- **हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर ' बांसुरी वादन एवं सुगम शास्त्रीय संगीत' के कॉन्सर्ट्स**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 21 से 25 अप्रैल, 2015 तक हरियाणा के विभिन्न स्थानों– महाराणा प्रताप स्कूल, सेक्टर 7, कुरुक्षेत्र; भारत इंस्टीच्यूट ऑफ टेकनॉलॉजी एंड मैनेजमेंट, धुराला, कुरुक्षेत्र; अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब, कुरुक्षेत्र; राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, कुरुक्षेत्र और बीपीआर स्कूल, ढांढ, ज़िला करनाल– में उस्ताद मुजतबा हुसैन एवं महुया मुखर्जी के 'बांसुरी वादन एवं सुगम शास्त्रीय संगीत' के श्रृंखला में कार्यक्रम आयोजित किए।

- **'वर्ल्ड डांस डे' पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने नृत्य विभाग, पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के सहयोग से 28 अप्रैल, 2015 को पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में 'वर्ल्ड डांस डे' की पूर्वसंध्या पर विश्वप्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार, श्री नवतेज सिंह जौहर की प्रस्तुति आयोजित की।

- **दो–दिवसीय थियेटर फेस्टीवल , खन्ना–पंजाब**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने पीपल्स थिएटर एसोसिएशन, खन्ना के सहयोग से खन्ना, पंजाब में 22 और 23 मई, 2015 को दो–दिवसीय थियेटर फेस्टीवल का आयोजन किया जिसमें श्री जगदीश सिंह द्वारा निर्देशित 'कूड़े दान दी ' और श्री सोमपाल सिंह द्वारा निर्देशित 'साडी केड़ी धरन है' नामक पंजाबी नाटकों का मंचन किया।

- **'गलियों मेला' गांव नौराधार, हिमाचल प्रदेश**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 28 और 29 मई, 2015 को गांव नौराधार, हिमाचल प्रदेश में आयोजित 'गलियों मेला' में सिरमौरी नाटी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

- **'41वां चौपाल उत्सव' चौपाल, ज़िला शिमला, हिमाचल प्रदेश**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से चौपाल, ज़िला शिमला, हिमाचल प्रदेश में ज़िला प्रशासन, शिमला द्वारा आयोजित '41वां चौपाल उत्सव' में 1 जून, 2015 को हिमाचल प्रदेश के लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

- **'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पटियाला और चण्डीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ने 21 जून, 2015 को पटियाला में राजिंद्रा जिमखाना एंड महेन्द्रा क्लब, पटियाला के सहयोग से और 15 से 21 जून, 2015 तक कलाग्राम, चंडीगढ़ में पर्यटन विभाग, यू.टी., चंडीगढ़ के सहयोग से 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया।

- **'शूलिनी मेला सोलन', हिमाचल प्रदेश**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 26 से 28 जून, 2015 तक सोलन, हिमाचल प्रदेश में भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 'शूलिनी मेला' में भंगड़ा, मलवई गिद्दा (पंजाब), रूफ (जम्मू–कश्मीर) लोक नृत्यों और श्री अमरिंदर बॉबी द्वारा पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुतियां दीं।

- **'15वां समर थियेटर फेस्टिवल' भाषा भवन, पटियाला**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने नाटकवाला, पटियाला के सहयोग से 26 से 28 जून, 2015 तक भाषा भवन, पटियाला में '15वां समर थियेटर फेस्टीवल' का आयोजन किया।

- **'आम मेला –2015' पिंजौर, हरियाणा**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 4 और 5 जुलाई, 2015 को यादविंद्रा गार्डन्स, पिंजौर, हरियाणा में हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'आम मेला–2015' में भंगड़ा, गिद्दा, जिंदुआ (पंजाब), घूमर, फाग (हरियाणा) लोक नृत्यों और श्री सार्थी कौशिक द्वारा पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुतियां दीं।

- **'नाद वाटिका – कलचर इन द पार्क्स' चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने यू.टी. प्रशासन, चंडीगढ़ के सहयोग से शास्त्रीय संगीत कॉन्सर्ट– 'नाद वाटिका – कल्चर इन द पार्क्स' का आयोजन किया जिसमें शास्त्रीय कलाकार 11 जुलाई, 2015 को शांति कुंज, सैक्टर– 16, चंडीगढ़ में कोलकाता के तरुण भट्टाचार्य – संतूर उस्ताद) ; 5 सितम्बर, 2015 को शांति कुंज, चंडीगढ़ में दिल्ली के श्री अर्शद खान इसराज (वाद्य यंत्र)); 12 सितम्बर, 2015 को रोज़ गार्डन, चंडीगढ़ में दिल्ली के श्री राज मजूमदार (संतूर); और दिल्ली के श्री उमाशंकर (सितार), पटियाला के श्री मुजतबा हुसैन(बांसुरी), और दिल्ली के लोकेश आनंद (शहनाई) ने क्रमशः 3, 10 और 17 अक्तूबर, 2015 को चंडीगढ़ के विभिन्न बागों में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

- **'ब्यास पूर्णिमा' बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 31 जुलाई, 2015 को बिलासपुर में 'ब्यास पूर्णिमा' के दौरान श्री साबर कोटी द्वारा सूफी गायन की प्रस्तुति दी।

- **राज्य–स्तरीय 'आदिवासी मेला –2015' केलांग, हिमाचल प्रदेश**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 14 से 16 अगस्त, 2015 तक ज़िला प्रशासन, लाहौल एवं स्पीति, हिमाचल प्रदेश द्वारा केलांग, हिमाचल प्रदेश में आयोजित राज्य–स्तरीय 'आदिवासी मेला–2015' के दौरान भंगड़ा, गिद्दा, जिंदुआ (पंजाब) और घूमर एवं फाग (हरियाणा) लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं।

- **'तीज फेस्टिवल' हरियाणा राज भवन, चण्डीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 16 और 17 अगस्त, 2015 को हरियाणा राजभवन, चडीगढ़ में आयोजित 'तीज फेस्टीवल' के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा के सहयोग से गुजरात के डांडिया लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

- **'10वां बृहस्पति संगीत समारोह' टैगोर थिएटर, चण्डीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने बृहस्पति कला केंद्र एवं शोध संस्थान, चंडीगढ़ द्वारा 21 से 23 अगस्त, 2015 तक टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में आयोजित '10वां बृहस्पति संगीत समारोह' के दौरान दिल्ली की सुश्री शुभ्रा तालेगोवांकर (गायन); लखनऊ की सुश्री श्रुति शिड़ोलकर (गायन) और दिल्ली के श्री भूपेंद्र मल्होत्रा (गायन); जयपुर के पं. विश्व मोहन भट्ट (मोहन वीणा) और चण्डीगढ़ की गुरु (डॉ.) शोभा कोसर के नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

- **'तीज फेस्टीवल' रॉक गार्डन, चण्डीगढ़**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने रॉक गार्डन, चण्डीगढ़ में 22 और 23 अगस्त, 2015 को आयोजित' तीज फेस्टीवल' के दौरान यू.टी. प्रशासन, चंण्डीगढ़ के सहयोग से झूमर, बाज़ीगर, नचार जैसे लोक नृत्यों; कठपुतली शो; और श्री दुर्गा रंगीला द्वारा पंजाबी लोक गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी ।

- **'दूसरा पांच–दिवसीय नोराह रिचर्ड्स थियेटर फेस्टीवल' पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा सार्थक रंग मंच एवं सामाजिक कल्याण सोसाईटी, पटियाला के सहयोग से 24 से 26 अगस्त, 2016 तक कला भवन, पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में 'दूसरा पांच–दिवसीय नोराह रिचर्ड्स थियेटर फेस्टीवल' आयोजित किया गया जिसमें सुश्री अनिता शब्दीश द्वारा निर्देशित 'वक्त तैनू सलाम' और श्री केवल धालीवाल द्वारा निर्देशित 'बुल्ला' नाटकों का मंचन किया गया।

- **श्रावणी रक्षाबंधन महोत्सव 'आसाड़ी कार्तिक' चंपावत, उत्तराखंड**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने चम्पावत, उत्तराखंड में 26 से 28 अगस्त, 2015 तक आयोजित श्रावणी रक्षाबंधन महोत्सव 'आसाड़ी कार्तिक' में संस्कृति विभाग, उत्तराखंड के सहयोग से भंगड़ा (पंजाब) और घूमर एवं फाग (हरियाणा) लोक नृत्यं की प्रस्तुतियां दीं।

- **'छिंज मेला 'गांव बब्बेहाली, ज़िला गुरदासपुर, पंजाब**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 30 अगस्त, 2015 को गांव बब्बेहाली, ज़िला गुरदासपुर, पंजाब में 'छिंज मेला' के दौरान श्री रमन मित्तल द्वारा निर्देशित नशाखोरी पर आधारित नाटक का मंचन किया।

- **'13वां हिमाचल उत्सव' सोलन, हिमाचल प्रदेश**
  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 29 सितम्बर, 2015 को ठोडो मैदान, सोलन में '13वां हिमाचल उत्सव' के दौरान भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, शिमला के सहयोग से श्री सार्थी कौशिक द्वारा लोक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया।

- **'सेलीब्रेशन ऑफ इंटरनेशनल डे ऑफ एल्डर्स' चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने 1 अक्तूबर, 2015 को टैगोर थियेटर, चंडीगढ़ में 'सेलीब्रेशन ऑफ इंटरनेशनल डे ऑफ एल्डर्स' के दौरान चंडीगढ़ सीनियर सिटिज़न्स एसोसिएशन (रजि.), चंडीगढ़ के सहयोग से सुश्री मीनू अटवाल द्वारा लोक/गज़ल गायन का आयोजन किया।

- **'कुल्लू दशहरा' कुल्लू, हिमाचल प्रदेश**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में ज़िला प्रशासन, कुल्लू द्वारा आयोजित 'कुल्लू दशहरा' के दौरान 22 और 23 अगस्त को भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से छपेली (उत्तराखंड), सिद्धी धमाल (गुजरात), बीहू (असम) इत्यादि लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं।

- **'सारस मेला' होशियारपुर, पंजाब**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने होशियारपुर, पंजाब में 24 अक्तूबर से 4 नवंबर, 2015 तक ज़िला प्रशासन, होशियारपुर द्वारा आयोजित 'सारस मेला' के दौरान छपेली (उत्तराखंड), सिद्धी धमाल (गुजरात), बीहू (असम) इत्यादि लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

- **'30वां अंतर्राष्ट्रीय लोक उत्सव' बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में 29 से 31 अक्तूबर, 2015 तक हिम कला संगम, बिलासपुर द्वारा आयोजित '30वां अंतर्राष्ट्रीय लोक उत्सव' के दौरान भंगड़ा, गिद्दा, झूमर (पंजाब); छपेली (उत्तराखंड) जैसे लोक नृत्यों और श्री मानक अली द्वारा सूफी गायन की प्रस्तुतियां दीं।

- **'प्रो.मोहन सिंह यादगारी मेला' लुधियाना**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने प्रो. मोहन सिंह यादगारी सोसाइटी, लुधियाना के सहयोग से लुधियाना में 21 और 22 नवम्बर, 2015 को 'प्रो.मोहन सिंह यादगारी मेला' के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें भंगड़ा (पंजाब), सिरमौरी नाटी (हिमाचल प्रदेश), कालबेलिया/मंगनियार (राजस्थान) और बाज़ीगर (पंजाब) जैसी आर्ट फाम प्रस्तुत की गई।

- **पांच–दिवसीय '12वां गुरचरण सिंह नाट उत्सव –2015' चण्डीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा सुचेतक रंगमंच, मोहाली के सहयोग से पंजाब कला भवन, चण्डीगढ़ में 21 से 25 नवम्बर, 2015 तक पांच–दिवसीय '12वां गुरचरण सिंह नाट उत्सव –2015' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने तीन नाटकों– सुश्री अनीता शब्दीश द्वारा निर्देशित 'सुलगदे सपने गदर दे'; डॉ. लाखा लहरी द्वारा निर्देशित 'उधारा पति'; और श्री इकत्तर सिंह द्वारा निर्देशित 'मुंशी खान' को प्रायोजित किया।

- **'कपाल मोचन मेला' यमुना नगर, हरियाणा**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने यमुना नगर हरियाणा में 24 नवम्बर, 2015 को राज्य–स्तरीय 'कपाल मोचन मेला' के दौरान सामाजिक प्रासंगिकता की विषय–वस्तु पर डॉ. साहिब सिंह द्वारा निर्देशित थियेटर नाटक का मंचन किया।

- **'चण्डीगढ़ कार्नीवल' चण्डीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा यू.टी. प्रशासन, चंण्डीगढ़ के सहयोग से 27 से 29 नवम्बर, 2015 तक लैज़र वैली, सैक्टर–10, चंडीगढ़ में 'चंण्डीगढ़ कार्नीवल' का आयोजन किया गया जिसमें झूमर (पंजाब), गद्दी नाटी (हिमाचल प्रदेश), धमाल/फाग (हरियाणा) और कालबेलिया (राजस्थान) लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

- **'10वां पिंजौर हेरिटेज फेस्टीवल' पिंजौर, हरियाणा**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने हरियाणा पर्यटन निगम, चंडीगढ़ द्वारा यादविन्द्रा गार्डन्स, पिंजौर, हरियाणा में 28 और 29 नवम्बर, 2015 को '10वां पिंजौर हेरिटेज फेस्टिवल' के दौरान बीन–जोगी; नगाड़ा (हरियाणा); भंगड़ा, जिंदुआ (पंजाब); और बहरूपिया (राजस्थान) की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

- **'दूसरा टीएफटी –संस्कार भारती राष्ट्रीय नाट्य उत्सव' चंडीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने टीएफटी– संस्कार भारती के सहयोग से रंधावा ऑडीटोरियम, पंजाब कला भवन, चण्डीगढ़ में 27 नवम्बर से 2 दिसंबर, 2015 तक 'दूसरा टीएफटी – संस्कार भारती राष्ट्रीय नाट्य उत्सव' का आयोजन किया जिसमें श्री सुदेश शर्मा द्वारा निर्देशित 'गाथा आनंदपुर साहिब दी'; श्री डी पी सिन्हा द्वारा निर्देशित 'रक्त अभिषेक'; श्री रवि शंकर द्वारा निर्देशित 'रश्मि रथी'; श्री अलोक रस्तोगी द्वारा निर्देशित 'लैला मजनू'; श्री वासुदेव भट्ट द्वारा निर्देशित 'राजपुताना'; और श्री अजय मलकानी द्वारा निर्देशित 'प्रोमोशन' नाटकों का मंचन किया गया।

- **'13वां राष्ट्रीय थियेटर उत्सव' अमृतसर**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने मंच रंगमंच, अमृतसर द्वारा पंजाब नाट सभा, अमृतसर में 5 से 14 दिसंबर, 2015 तक आयोजित '13वां राष्ट्रीय थियेटर उत्सव अमृतसर' के दौरान जोधपुर के श्री अर्जुन देव चरण द्वारा निर्देशित 'धर्मयुद्ध'; उज्जैन के श्री शरद शर्मा द्वारा निर्देशित 'ट्वेंटी नाईन का खेल' और श्री लायक हुसैन द्वारा निर्देशित 'पोस्टर' नाटकों को प्रायोजित किया।

- **'श्री नेक चंद दिवस उत्सव' रॉक गार्डन, चण्डीगढ़**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा चंडीगढ़ प्रशासन और सोसाईटी फॉर द मेंटेनेंस एंड डेवेलपमेंट ऑफ रॉक गार्डन, चंडीगढ़ के सहयोग से 12 से 15 दिसंबर, 2015 तक रॉक गार्डन, चंडीगढ़ में चल रहे 'नेक चंद दिवस' समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नाभा के श्री मानक अली और समूह; और पटियाला की सुश्री जूही ढींगरा और समूह ने पंजाबी लोक/सूफी गायन की प्रस्तुतियां दीं।

- **'9वां पंजाब थियेटर फेस्टीवल' अमृतसर**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 'द थियेटर पर्सन्स (रजि.)', अमृतसर के सहयोग से 18 से 24 दिसंबर, 2015 तक विरसा विहार, अमृतसर में '9वां पंजाब थियेटर फेस्टीवल' आयोजित किया गया। इस उत्सव के दौरान उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने सुश्री अनीता देवगन द्वारा निर्देशित नाटक 'इंज भला किंज होवे' और श्री चंदर शेखर द्वारा निर्देशित नाटक 'इश्क रिमिक्स' को प्रायोजित किया।

- **'मसूरी विंटर कार्नीवल –2015' मसूरी**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने संस्कृति विभाग, उत्तराखंड के सहयोग से मंसूरी में 23 से 25 दिसंबर, 2015 तक आयोजित 'मंसूरी विंटर कार्नीवल–2015' के दौरान जौनसारी/घसियारी (उत्तराखंड) और भंगड़ा (पंजाब) लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

- **'लोक उत्सव' गुरदासपुर, पंजाब**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने पंजाब लोक कला केन्द्र, गुरदासपुर के सहयोग से दीनानगर, धारीवाल और गुरदासपुर में 23 से 25 दिसंबर, 2015 तक आयोजित 'लोक उत्सव' के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसमें बीहू (असम), रूफ (जम्मू–काश्मीर), गोटीपुआ (ओड़ीशा), मयूर एवं बरसाना की होली (उत्तर प्रदेश), छाउ नृत्य (झारखंड) जैसे लोक नृत्य और श्री सतविंदर बुग्गा, सुश्री गुरलेज़ अख्तर एवं श्री कुलविंदर कैली और श्री अमरिंदर बॉबी द्वारा लोक गायन प्रस्तुत किया गया।

- **'140वां श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन' जालन्धर**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत महासभा (रजि.), जालन्धर के सहयोग से 25 से 27 दिसंबर, 2015 तक देवी तालाब मंदिर, जालन्धर में '140वां श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन' आयोजित किया गया जिसमें धारवाड़, कर्नाटक से सुश्री शिवानी मीरजकर (गायन); बेंगलूरू से सुश्री पूर्णिमा कुलकर्णी (गायन); और मुंबई से श्री पूरबयन चटर्जी (सितार) ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

- **'अदाकारियां–2015' मोहाली**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने अदाकार मंच, मोहाली के सहयोग से 25 से 27 दिसंबर, 2015 तक सिल्वी पार्क, फेज़ 10, मोहाली में 'अदाकारियां–2015' का आयोजन किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने इस दौरान दो नाटकों– डॉ. साहिब सिंह द्वारा निर्देशित 'चांदनी चौक टू सरहिंद तक' और श्री विनोद कुमार द्वारा निर्देशित 'ज़रा बच के मोड़ तों' को प्रायोजित किया।

- **'उत्तरैणी मेला' बागेश्वर, ज़िला अलमोड़ा, उत्तराखंड**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने संस्कृति विभाग, उत्तराखंड के सहयोग से 18 से 20 जनवरी, 2016 तक बागेश्वर, ज़िला अलमोड़ा, उत्तराखंड में आयोजित 'उत्तरैणी मेला' के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भंगड़ा/जिंदुआ (पंजाब) और चकरी/घूमर (राजस्थान) की लोकनृत्य मण्डलियों ने हिस्सा लिया।

